हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

# DR. ABHIMANYU'S
## AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

## छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल



मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित






मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित




मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भूपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित

**मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध**

## उपलब्ध सुविधाएँ

### पंचकर्म
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

### दर्द निवारण
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृध्रसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

### नेत्र रोग
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

### मल द्वार संबंधित
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

### स्त्री रोग
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

### मनोरोग
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

### पेट संबंधित बीमारियाँ
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

### बच्चों के रोग
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

### चर्म रोग
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

### जीवन शैलीगत रोग
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

**तुरंत राहत | कम लागत**
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई
ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है
एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

**उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति
(MEDICAL REIMBURSEMENTS)
हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

## हमारे विशेषज्ञ



**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience



**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience



**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience



**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience



**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience



**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience



**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru)
Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala)
Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

Rajesh

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

# साकेत नगर, पुष्पक नगर सहित 40 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को लेकर नोटिस

**राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने कराया सर्वे, उप पंजीयक को रजिस्ट्री पर रोक लगाने लिखा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने भी अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। साकेत नगर, पुष्पक नगर, कुरुद सहित आसपास के अन्य 40 जगहों पर कार्रवाई की गई है। इन जगहों पर अलग-अलग खसरा नंबर को बैन करने के लिए राजस्व विभाग को लेटर लिखा गया है।

उप पंजीयक को जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने, अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री निरस्त करने सहित एफआईआर के लिए नोटिस किया गया है। बता दें कि इन सभी जगहों पर खेत की जमीन को टुकड़े में काटकर बेच दिया गया है। न ही सीजी रेरा से अनुमति ली गई है, न ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले आउट अप्रुवल कराया गया है, सीधे टुकड़ों में काटकर प्लाट बेच दिए गए हैं। इतना ही नहीं साकेत नगर में 50 से ज्यादा लोगों ने खेती जमीन पर मकान बना लिए हैं, जिसका भवन अनुज्ञा तक नहीं लिया गया है। इस खुलासे के बाद नगर निगम भिलाई ने जांच शुरू कर दी है। इन सभी मकानों को नोटिस जारी कर भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया है। भिलाई-दुर्ग में लंबे समय से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। मुख्य रूप से शहर की आउटर कॉलोनियों में भूमाफिया सक्रिय हैं। ऐसे सारे खसरा नंबर की जांच कराई जा रही है।

अलग खबर

### न बिजली न पानी और न ही आने-जाने के लिए सड़क, पब्लिक को परेशानी

साकेत नगर में जिस जगह पर अवैध प्लाटिंग की गई है, उस जगह पर न ही बिजली के पर्याप्त इंतजाम हैं, न ही पेयजल सप्लाई हो रही है। सड़क भी नहीं है। बावजूद प्लाटिंग कर करोड़ों रुपए में इन जमीनों को बेच दिया गया है, जबकि रिकार्ड में यह जमीन आज भी खेती के लिए रिजर्व है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने इसे लेकर कहीं किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की, जिसके कारण भूमाफियाओं ने यह सारी जमीन बेच दी है। पिछले दिनों जांच के बाद कुछ खसरा नंबर पर बैन भी लगाया गया था, लेकिन राजनीतिक रसूख के कारण पुनः खरीदी-बिक्री को बहाल करा लिया गया। इस प्रकार पिछले करीब तीन सालों से प्रशासन के नाक से नीचे धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। राजस्व महकमें, स्थानीय निकायों और प्रशासनिक तंत्रों के संरक्षण के चलते पिछले कुछ समय में यह कारोबार तेजी से फलभूल रहा है। बिना डायवर्सन के जमीन को खरीदा और बेचा जा रहा है।



### निगम क्षेत्र में नियमित रूप से की जा रही जांच

नगर निगम क्षेत्र में नियमित रूप से अवैध प्लाटिंग को लेकर जांच की जा रही है। शासन के निर्देश पर नोटिस भी जारी हो रहे है। राजस्व विभाग, उपपंजीयक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। कुछ क्षेत्रों में नोटिस भी जारी किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले खसरा नंबर को बैन करने की सिफारिश की जाएगी।

-**राजेंद्र दोहरे**, अपर आयुक्त नगर निगम भिलाई

### दुर्ग में बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, जेवरा-सिरसा में अवैध प्लाटिंग

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, बेलौदी, जेवरा-सिरसा, चिखली, उरला, मोहलाई, अंजोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। सस्ते दरों में प्लॉट उपलब्ध कराए जाने का झांसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। रोड-रास्ता बताकर जमीन का सौदा कर रहे हैं। दुर्ग निगम ने श्रीराम बिल्डर, आरवी हाउसिंग, अष्ट विनायक हाउसिंग, कुमावत बिल्डर, राधा बिल्डर, बत्रा बिल्डर, मल्हार बिल्डर, बालाजी बिल्डर और तिरुपति विहार सहित कई अन्य बिल्डरों को नियमों की अनदेखी कर भूखंड बेचने और मकान निर्माण करने की शिकायतों के बाद नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों के खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि बोरसी, पोटिया, पटरी पार और नदी रोड क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जहां सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। नोटिस में कहा गया है कि बिल्डर द्वारा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग और नगर निगम से अनुमति लिए बिना मकान निर्माण और विक्रय किया जा रहा है, जो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### रबी उत्पादक कृषकों को 2.68 करोड़ का भुगतान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रुआबांधा द्वारा रबी 2024-25 के दौरान 256 बीज उत्पादक कृषकों से उपार्जित बीज के मानक पाई गई मात्रा 4410.75 क्विंटल गेंहू, चना, तिवड़ा, सरसों, कुसुम और अलसी की प्रथम किस्त के रूप में 1.84 करोड़ का अग्रिम भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। अंतिम भुगतान 84,21,542 रूपए का उनके खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि बीज निगम द्वारा विभिन्न समितियों में अब तक 1121.20 क्विंटल बीज भण्डारण किया जा चुका है, जिसमें गेंहू 352.40 क्विंटल, चना 661.20 क्विंटल, सरसो 16.40 क्विंटल, तिवड़ा 91.20 क्विंटल आदि प्रमुख है। अभी भी बीज निगम के पास 3268.78 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसका मांग अनुरूप भण्डारण किया जा रहा है।

### जुजीत्सु प्रतियोगिता के लिए अंकित का चयन

**भिलाई।** 1 से 15 नवंबर तक बैंकॉक थाईलैंड में होने वाली विश्व जुजीत्सु प्रतियोगिता में भारतीय दल का चयन सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता सहारनपुर उत्तर प्रदेश में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ। 63 किलो वजन समूह महिला में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा पिता राणा अजय सिंह डोंगरगढ़ एवं भिलाई निवासी अंकित यालामनचली पिता वाय पन्नी राव 62 किलो वजन समूह में शामिल हैं। दुर्ग जिला सचिव देवा साहू ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्व चैंपियनशिप में आगामी 2026 एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाइंग भी होगा।

### पीएचई की टीम ने पेयजल पाइपलाइन की जांच की, नालियों से गुजरने से बढ़ी दिक्कत

# समोदा में डायरिया का प्रकोप, 62 से ज्यादा मरीज मिल चुके, 15 अब भी भर्ती, तीन संदिग्ध मौतें

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

जिले में एक बार फिर डायरिया का प्रकोप है। इस बार ग्राम पंचायत कचान्दुर के आश्रित ग्राम समोदा के ग्रामीण इसका शिकार हो रहे हैं। 4 अक्टूबर के बाद से लगातार यहां उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं। 62 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। 15 मरीजों का अब भी इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसमें एक तीन साल के बच्चे को गुरुवार को ही भर्ती कराया गया है। उनके अलावा एक पुरुष भी उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचा है। बता दें कि तीन संदिग्ध मौतें भी हो चुकी है। हालांकि इन मौतों को लेकर हेल्थ विभाग ने डायरिया को कारण नहीं माना है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि तीनों में उल्टी-दस्त की शिकायत थी। तीनों बुजुर्ग थे।

इन तीन लोगों में लतेल देशमुख (60 वर्ष), प्रहलाद गोंड़ (60 वर्ष) और बिसमत देशमुख (75 वर्ष) शामिल हैं। हेल्थ विभाग की मुताबिक लतेल की मौत सांस लेने में तकलीफ, प्रहलाद की मौत दिल का दौरा और बिसमत की मौत बुजुर्ग होने की वजह से हुई। बहरहाल हेल्थ विभाग की टीम ने गांव में हेल्थ कैम्प लगाया है। वहीं पीएचई की टीम पेयजल के सैंपल लिए हैं। पाइपलाइन में जिस जगह छेद कर पानी लिया जा रहा था, उसे भी बंद करा दिया गया है। माना जा रहा है कि नाली के करीब होने की वजह से इसी जगह से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी। पीएचई के अधिकारी प्रकाश ठाकुर, विशाल गेडाम सहित अन्य गुरुवार को पूरे दिन गांव में बने रहे, जहां उन्होंने सप्लाई व्यवस्था की जांच की।



### 450 से ज्यादा घरों का सर्वे, पानी उबालकर पीने की सलाह

जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एपिडोमियोलॉजिस्ट ऋतिका सोनवानी, बीटीओ निर्मल कुमार टंडन सहित अन्य भी जांच के लिए पहुंचे। डोरटूडोर सर्वे किया गया। 450 से ज्यादा घरों की जांच की गई। इस दौरान कोई भी नया मरीज नहीं मिला, लेकिन गुरुवार की जांच में दो नए मरीज सामने आए। 4 अक्टूबर से अब तक कुल 62 मरीज मिल चुके हैं, जिनमें से 13 मरीजों का जिले के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। 12 मरीज चंदूलाल चंद्राकर कचांदुर भिलाई, 01 निहार अस्पताल व अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले कर वर्तमान में स्वास्थ हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है।

### प्रभावित क्षेत्रों में पानी सप्लाई रोकी, सैंपल लिए गए

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान उपस्थित सरपंच अरुण गौतम, उपसरपंच अनुज निषाद, पंचायत सचिव कमला देवांगन व कोतवाल पिताम्बर चौहान को प्रभावित क्षेत्र में पानी के पाईप लाईन को बंद कर, सभी पाइप लाइन की मरमत व साफ-सफाई के लिए कहा गया। सिरसा से पानी टैंकर की व्यवस्था की गई। इसके अलावा संक्रमित क्षेत्र में पानी सैम्पल जांच हेतु लिए गए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनता को समझाइश दी गई है कि समस्त जनता से अपील करता है कि पानी उबाल कर पिये, सड़े गले सब्जी न खाये, बाहर का खाना बंद करे, मांसाहार ना खाये, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।



### नालियों से गुजारी गई पाइपलाइन, इसलिए दिक्कत

नालियों से पाइपलाइन को गुजारा गया है, इस वजह से दिक्कत बनी हुई है। तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें उल्टी-दस्त की शिकायत थी। प्रशासन भले ही मौत की वजह से दूसरी बता रहा है, लेकिन उनमें डायरिया के लक्षण थे।

-**विनायक ताम्रकार**, अध्यक्ष किसान मोर्चा बीजेपी

### प्रभावित क्षेत्रों में की जा रही जांच

प्रभावित क्षेत्रों में जांच की जा रही है। पीएचई की टीम ने कुछ जगहों पर सप्लाई रोकने कहा है। इसके अलावा सैंपल लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कारणों का खुलासा होगा।

-**उत्कर्ष पांडेय**, ईई पीएचई दुर्ग

# दुर्ग में पांच तालाबों में छठ उत्सव की तैयारी

**सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर महापौर अल्का ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महापौर अलका बाघमार ने गुरुवार को शहर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शीतला तालाब वार्ड 59, पुजारी तालाब वार्ड 21, रेवा तालाब वार्ड 23, बोरसी तालाब वार्ड 51 एवं सतरुपा शीतला तालाब वार्ड 29 का दौरा किया। सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के भीतर जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी को पूरी तरह से हटाया जाए तथा आसपास की जगहों की भी सफाई और समतलीकरण किया जाए। महापौर ने कहा कि छठ पर्व एक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए तालाबों में पहुंचते हैं। ऐसे में निगम का दायित्व है कि वे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवेंद्र परिहार, निलेश अग्रवाल, साजन जोसेफ, मनोज सोनी, अरुण सिंह, मीना सिंह, विजय जलकारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग अमला मौजूद था।

### तालाबों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि तालाबों के किनारों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अस्थायी चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा इंतजाम भी समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पर्व सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले और तालाबों की सुंदरता भी बनी रहे। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि सफाई दल लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक तालाब क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गंदगी या जलजमाव की स्थिति न बने।

### तालाबों में गंदगी न फैलाने की अपील

महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील की छठ पूजा के दौरान तालाबों में प्लास्टिक या पूजा सामग्री न डालें। साफ-सफाई बनाए रखें और निगम के प्रयासों में सहयोग दें, ताकि हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और धार्मिक सौहार्द का उदाहरण बन सके। बता दें कि त्योहार के बाद तालाब के आसपास गंदगी पसरी रहती है, जबकि स्थानीय निकायों द्वारा विशेष इंतजाम किए जाते हैं। बावजूद गंदगी का आलम रहता है। इसे देखते हुए निगम ने लोगों से अपील की है कि तालाब के आसपास गंदगी न फैलाएं। कचरा डस्टबिन में ही डालें।

# जल संसाधन विभाग के ईई की गाड़ी की ठोकर से एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत महाराजा चौक के करीब लाला गुपचुप के सामने अनियंत्रित खड़ी गाड़ी से ऋषभ ग्रीन सिटी निवासी संजय अग्रवाल घायल हो गए। उनके दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी बोलेरो सीजी 02 एयू 2469 खिलेश्वर साहू चला रहे थे। जानकारी के मुताबिक वे कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में ईई के पद पर पदस्थ हैं। घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की बताई गई है। संजय अग्रवाल अपने बेटे सोम के साथ अपनी बहन के पद्मनाभपुर स्थित घर जा रहे थे। तभी घटना स्थल पर खड़ी चार पहिया वाहन के चालक ने अचानक ड्राइवर की तरफ का गेट खोल दिया, जिससे संजय अग्रवाल की बाइक अनियंत्रित होकर गेट से टकरा गई।






हादसे में संजय अग्रवाल को गंभीर चोटें आई हैं। इधर जब संजय अग्रवाल के भाई समीर पद्मनाभपुर थाने में शिकायत लेकर पहुंचे, तो उनकी शिकायत भी नहीं लिखी जा रही थी। बाद में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद कम्प्लेन ली गई। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### पद्मनाभपुर थाने में शिकायत, एफआईआर अब तक नहीं



### कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में घूम रही थी

बता दें कि कोंडागांव में पदस्थ साहू महाराजा चौक के आसपास कहीं निवास करते हैं। वे मलूतः राजनांदगांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद उन्होंने अपनी गलती भी मानी। उनकी सीजी 02 एयू 2469 बोलेरो कैसे दुर्ग में थी। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इस बारे में जब खिलेश्वर प्रसाद साहू से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। वहीं संजय अग्रवाल के भाई समीर ने बताया कि उनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ। कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में क्या कर रही थी। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

### जांच के बाद होगी एफआईआर

मामले में जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल आवेदन के आधार पर परीक्षण किया जा रहा है। इस बारे में पद्माभपुर पुलिस से जानकारी ली जा रही है।

-**भारती मरकाम**, सीएसपी दुर्ग

### सशिमं में दीपावली मिलन समारोह

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान सहस्त्रनाम लेखन पुरस्कार किया गया। मानसिक एकाग्रता को बढ़ाने तथा आध्यात्मिकता, मंत्रों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेष अतिथि आशीष शर्मा और प्रकाश कानाबार थे। 47 लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव शअरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, राजेश यादव, किशोर टाटीबंदवाले गिरीश दीवान आदि मौजूद थे।

पेज 11 का शेष

### मनियारी में मां लक्ष्मी की ..

व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए महादेव चौक अम्बे समिति, गणेश समिति व लक्ष्मी समिति के सभी सदस्यों ने शांति व्यवस्था बनाये रखे और जिसमें समिति व ग्रामीणों का बड़ा योगदान रहा। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। हर साल की भांति इस वर्ष भी प्रतिमा का विसर्जन शांतिपूर्वक ढंग से किया गया। **ये रहे उपस्थित :** इस अवसर गीतेश्वर साहू, छवि निर्मलकर, संतोष कुंजाम, हेमसिंग विश्वकर्मा, चंद्रशेखर चक्रधारी, गौतम देवांगन, रामकृत देवांगन, हेमलाल यादव, अंकुश, अमर, कमलेश, सनत, लालन, कृष्ना, दुर्गेश, विष्णु, पुनीत, शुभम, तोरण, रूपेंद्र, बादल, दिनेश, ताराचन्द, भूषण, राजू निषाद, गणेश चक्रशरी, सुकालू निषाद, मनोहर, श्यामू निषाद आदि समिति के साथ ग्रामीण सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।

**150 आवासों का निर्माण किया गया, होगा आवंटन**

# भिलाई निगम में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग को पीएम आवास का अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भूतल के आवास आवंटन हेतु अंतिम अवसर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। 150 आवासों का निर्माण किया गया है जिसमें निर्मित आवासों का लॉटरी किया जा रहा है। लॉटरी के पूर्व समय 11.30 बजे तक हितग्राहियो द्वारा अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया जा सकता है। नियमानुसार लाटरी पद्वति से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा।



नगर निगम भिलाई अपील करती है कि पीएम आवास के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी का लाभ उठावें।

# घरेलू जीवन में सुरक्षा आदतों को अपनाने पर दिया बल, मिला सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा मित्र पहल के अंतर्गत प्लेट मिल सभागार में आयोजित सुरक्षा मित्र पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में महिला ठेका श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट एवं सुरक्षित कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने घर से घर तक सुरक्षा की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कार्यस्थल एवं घरेलू जीवन में सुरक्षा आदतों को अपनाने पर बल दिया। महाप्रबंधक जे सुधाकर ने कार्यस्थल पर मशीनों के परिचालन के दौरान अपनाई जाने वाली सतर्कता पर अपने विचार साझा किए। महाप्रबंधक सी पद्मनाभन ने विद्युतीय कार्यों से जुड़े जोखिमों और सावधानी की जानकारी दी। विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक हेमंत बहुरूपी ने महिला श्रमिकों की दुर्घटनारहित कार्य-संस्कृति की सराहना की।वरिष्ठ प्रबंधक हिमानी ठाकुर ने महिलाओं द्वारा गृहस्थ दायित्वों और कार्य के बीच संतुलन साधते हुए सुरक्षा मानकों व वरिष्ठ प्रबंधक दीपा रावत ने कार्यस्थल पर उपकरणों के सुरक्षित उपयोग एवं सावधानीपूर्वक कार्य विधि पर अनुभव साझा किए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 समोदा में डायरिया का प्रकोप, 62 से ज्यादा मरीज मिल चुके...



12 दीपावली पर बच्चों ने गाया वर्णमाला आधारित ...



## स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों की कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ली समीक्षा बैठक

### राज्योत्सव में विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी राज्योत्सव 2025 की तैयारियों, विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि राज्योत्सव जिले के गौरव और संस्कृति का प्रतीक है, अतः सभी विद्यालय अपने विद्यार्थियों के माध्यम से श्रेष्ठ और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल 30 अक्टूबर को टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विद्यालयों की टीम अनिवार्य रूप से सहभागी होंगी।उन्होंने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को कार्यक्रम के लिए सुरक्षित रूप से घर से लाया जाए और कार्यक्रम समाप्ति के बाद बच्चों को उनके घर के दरवाजे तक सुरक्षित पहुँचाने की जिम्मेदारी संबंधित शिक्षक की होगी।



#### बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर दें विशेष ध्यानः कलेक्टर

कलेक्टर शर्मा ने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समय पर विद्यालय आएँ, पूरे मनोयोग से पढ़ाएँ और किसी भी स्थिति में कक्षा खाली नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिक्षक की शिक्षण गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करें और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान दें।कलेक्टर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य उत्कृष्ट शिक्षा को प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना है। अतः सभी विद्यालय इस भावना के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, जिला शिक्षा अधिकारी, सभी स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हरमुड़ी में मनाया जाएगा दिवाली मिलन

**नवागढ़।** मां भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ द्वारा दिवाली मिलन एवं आवश्यक बैठक का आयोजन आगामी रविवार को ग्राम हरमुड़ी में किया जाएगा। इस अवसर पर मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा की कल्पनाओं को साकार रूप देने एवं संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विशेष चर्चा होगी। कार्यक्रम में नवागढ़ तहसील के समस्त मानस पथिक, ग्रामवासी, तथा जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर ग्राम हरमुड़ी में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मां भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ के उपाध्यक्ष सनत साहू ने बताया कि दिवाली मिलन केवल एक पारंपरिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता और आगामी योजनाओं के समन्वय का मंच भी बनेगा। ग्रामवासियों में कार्यक्रम को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा नाका सब्जी मण्डी के पास प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर अवैध रूप से बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दबिश देकर दो संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। उनकी तलाशी लेने पर सफेद रंग के बोरे में देशी शराब की 161 पौवा 15 हजार 100 रूपये का जब्त किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम सिकोला भाठा थाना मोहन नगर निवासी बजरंगी कुर्मी , देवार मोहल्ला सिकोला भाठा कृष्णा कुमार कुर्मी होना बताया है। उक्त कार्यवाही मे थाना मोहन नगर की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

### पटाखा फोड़ने से मना किया तो महिला को ही पटाखे से जलाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत न्यू संतोषी पारा कैम्प-2 में पटाखा फोड़ने को लेकर उपजे विवाद में प्रियंका नामक महिला पर ही पटाखा फेंककर जला दिया। महिला के पति जितेंद्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने गोवर्धन यादव और सूरज यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। जितेंद्र पेशे से क्रेन ऑपरेटर है। पड़ोस में रहने वाले आरोपी गोवर्धन और सूरज पटाखा फोड़ रहे थे। मना करने पर उन्होंने गाली गलौच शुरू कर दिया। इस बीच जितेंद्र की पत्नी प्रियंका बाहर आई। आरोपियों ने जलता हुआ पटाखा उसकी तरफ फेंक दिया, जिससे वह झुलस गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

## मांग : 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# समितियों में ताले, धान खरीदी पर संशय जिले में सहकारी कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेतों में धान की सुनहरी फसल तैयार है, लेकिन सहकारी समितियों में लगे ताले और कर्मचारियों की हड़ताल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ, जिला इकाई बेमेतरा ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 3 नवंबर से प्रदेशभर की समितियों में अनिश्चितकालीन ताला बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### सरकार हमें फाइल समझती है, इंसान नहीं : साहू

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष जगमोहित साहू ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, हम वो लोग हैं जो किसानों का धान तौलते हैं, लेकिन हमारे हक़ की फाइलें सालों से सरकार तौल रही है। साहू ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अधिकारी हर सीजन में हमसे रिपोर्ट मांगते हैं, लेकिन हमारी समस्याओं की रिपोर्ट कोई नहीं पढ़ता। उन्होंने कहा कि सरकार हमें धान खरीदी का 'योद्धा' कहती है, पर जब वेतन की बात आती है, तो हमें 'ठेका कर्मचारी' कहकर दरवाजे से लौटा देती है। उन्होंने चेताया कि सहकारी समितियाँ किसानों और शासन के बीच की सबसे मज़बूत कड़ी हैं, और अगर यह कड़ी टूटी, तो पूरा खरीदी तंत्र चरमरा जाएगा।

#### चार सूत्रीय मांगें

- लंबित वेतन, बोनस और प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान किया जाए।
- सभी अस्थायी व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए।
- सहकारी समितियों को प्रशासनिक खर्च हेतु पर्याप्त बजट आवंटित हो।
- खरीदी कार्य में जुड़ी समितियों को 1.10 प्रतिशत प्रशासनिक व्यय राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।



#### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कहा - अब नहीं झुकेंगे

जिला मुख्यालय में प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने रैली निकालकर कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्षों से वेतन, बोनस और नियमितीकरण की मांग को शासन विचाराधीन बताकर टालता आ रहा है। इस बार संघ ने साफ कहा कि विचार खत्म, निर्णय चाहिए। अगर सरकार नहीं चेती, तो खरीदी केंद्रों में धूल उड़ती रहेगी।

### किसानों की चिंताः धान बेचें या आंदोलन देखें?

कर्मचारियों की संभावित हड़ताल से किसान संशय में हैं। ग्राम बेमेरा के किसान रामकुमार साहू ने तंज़ करते हुए कहा, धान तैयार है, ट्रैक्टर में बोरी भी रखी है, लेकिन समिति में ताला लटकेगा है। अब धान सरकार के दफ्तर में बेचें क्या? किसानों ने चिंता जताई कि यदि कर्मचारियों की हड़ताल लंबी चली, तो मौसम की मार के साथ-साथ धान खराब होने की स्थिति बनेगी। उन्होंने कहा, एक तरफ़ मौसम मारता है, दूसरी तरफ़ व्यवस्था। हम बीच में पिसते हैं। समितियों में फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है, कंप्यूटर बंद हैं और कर्मचारी मैं तैयार हूँ के नारे के साथ संघर्ष मोड में हैं। हर समिति में पोस्टर लगे हैं - जब तक हक़ नहीं, खरीदी नहीं। संघ पदाधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि /"अब हम कागज़ों पर नहीं, सड़कों पर हिसाब मांगेंगे।

### आंदोलन का नारा हम भी किसान के साथी हैं, पर भूखे नहीं

संघ ने आंदोलन के लिए नया नारा दिया है कि हम किसान के साथी हैं, पर भूखे नहीं! संघ ने घोषणा की कि 28 अक्टूबर को रायपुर में विशाल प्रदर्शन और 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। कर्मचारियों ने कहा कि हर साल धान खरीदी का सीजन हमारे लिए उत्सव होता था, लेकिन इस बार हम वही उत्सव रोकने को मजबूर हैं। दोष हमारा नहीं, सरकार की लापरवाही का है।

### खरीदी व्यवस्था पर मंडरा रहा संकट

जानकारों का कहना है कि यदि हड़ताल लागू हुई, तो बेमेतरा जिले में धान खरीदी पर बड़ा असर पड़ेगा। हर साल जिले में लाखों क्विंटल धान खरीदा जाता है, और यदि इस बार देरी हुई, तो फसल की गुणवत्ता और किसानों की आमदनी दोनों पर संकट गहराएगा। किसानों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द समझेगी कि धान की हर बोरियाँ नहीं, उम्मीदें तौलने वाले भी इंसान हैं। ज्ञापन मिलने के बाद कलेक्टर ने मांगों को शासन स्तर पर भेजने की बात कही है, लेकिन कर्मचारी संघ का कहना है कि हम अब फाइलों में नहीं, फैसलों में नाम चाहते हैं। अब देखना यह है कि क्या शासन 'विचाराधीन' के पुराने राग से बाहर आएगा, या फिर इस बार खेतों की खुशबू के साथ सड़कों पर आंदोलन की धूल भी उड़ती दिखेगी।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, लक्ष्य पूर्ति एक सप्ताह में सुनिश्चित होः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में विलंब को लेकर कलेक्टर ने कड़ा असंतोष व्यक्त किया है। जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और वेंडर्स को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर योजना के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

- लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही पर वेंडर्स और अधिकारियों पर होगी कठोर कार्रवाई : कलेक्टर

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि यह योजना आम जनता के आर्थिक सशक्तिकरण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। शासन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जवाबदेही और तत्परता से किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर तक पहुंचकर नागरिकों को योजना के लाभों की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य पूर्ति में देरी अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सभी वेंडर्स को अनुबंध की शर्तों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि समयसीमा में लक्ष्य की पूर्ति नहीं होती है, तो संबंधित वेंडर्स का अनुबंध तत्काल निरस्त किया जाएगा तथा विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### आपसी समन्वय एवं टीम भावना से कार्य करें

अंत में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारी और वेंडर्स आपसी समन्वय एवं टीम भावना से कार्य करें, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक तक इस योजना का लाभ समय पर पहुंच सके और जिले को राज्य में आदर्श रूप में स्थापित किया जा सके।

## श्रेय कुशल शर्मा ने जू-जित्सु राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन, बेमेतरा को दिलाए 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बेमेतरा जिले के 5 खिलाड़ियों ने सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित जू-जित्सु राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। इस प्रतियों श्रेय कुशल शर्मा ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए एक रजत (सिल्वर) और एक कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक जीता। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर श्रेय का चयन विश्व चैम्पियनशिप (थाईलैंड) एवं साउथ एशियन



चैम्पियनशिप के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया है, जो जिले और राज्य के लिए गर्व की बात है। वहीं अथर्व राजपूत ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए 2 कांस्य पदक अपने नाम किए।

इसके साथ ही शौर्या शर्मा, खेमलाल साहू और तोशन साहू ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से जिले की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया। खिलाड़ियों ने अपने कोच रूपेन्द्र सिंह चंदेल को उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए श्रेय दिया तथा राणा अजय सिंह का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। जिन्होंने उन्हें यह अवसर प्रदान किया कि वे अपने राज्य और माता-पिता को गर्व महसूस करा सकें। इस सफलता से पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है तथा खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## देवारी तिहार छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और कृषि परंपरा का जीवंत प्रतीक : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने देवारी तिहार (मातर पर्व) के अवसर पर ग्रामीण जनों के साथ उत्साहपूर्वक त्यौहार का आनंद लिया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और पर्व के महत्व को विस्तार से बताया।

राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि देवारी तिहार (मातर पर्व) छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, आस्था और कृषि परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बताया कि देवारी तिहार या गोवर्धन पूजा किसानों और पशुपालकों के जीवन से जुड़ा हुआ त्यौहार है। इस दिन ग्रामीण अपने पशुधन और कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना कर प्रकृति और अपनी मेहनत का आभार व्यक्त करते हैं। यह पर्व हमें श्रम, सहयोग और भाईचारे का महत्वपूर्ण संदेश देता है।



### मातर दल और लोकगीतों का उल्लास

राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गांवों में मातर दल पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की थाप पर देवारी गीत गाते हुए घर-घर जाकर सुख-समृद्धि की शुभकामनाएं देते हैं। ग्रामीण भी उनके स्वागत में धान, गुड़ और नारियल भेंट कर उनका सम्मान करते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण लोकगीतों और नृत्य से उल्लासित हो उठता है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी देवारी तिहार जैसी परंपराएँ हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखती हैं। यह पर्व हमारे ग्रामीण जीवन, प्रकृति और संस्कृति की एकता का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि सभी लोग इस पावन पर्व को एकता, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएँ। अंत में, उन्होंने कामना की कि देवारी तिहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल लाए तथा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान सदा प्रगाढ़ बनी रहे।

### नौ दिन तक मंडी प्रांगण में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान

## बेमेतरा में "अलविदा तनाव, जियो जिंदगी टेंशन फ्री" शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहरवासियों के लिए मंडी प्रांगण में अलविदा तनाव, जियो जिंदगी टेंशन फ्री नामक निःशुल्क तनावमुक्ति एवं ध्यान अनुभूति शिविर का आयोजन मंगलवार, 28 अक्टूबर से बुधवार, 5 नवंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का समय शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक रहेगा और मंडी प्रांगण प्रतिदिन उत्सव जैसा माहौल बनाए रखेगा।

- डायबिटीज़, उच्च रक्तचाप और तनाव से राहत के लिए ध्यानाभ्यास

इस नौ दिवसीय खुशियों का कार्यक्रम में हर दिन अलग-अलग विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले दिन चिंता रहित जीवन शैली पर ध्यान दिया जाएगा। दूसरे दिन खुशियों से मुलाकात यानी खुशियों का उत्सव मनाया जाएगा। तीसरे दिन स्वयं की पहचान यानी आत्मज्ञान पर चर्चा होगी। चौथे दिन गहन ईश्वरीय अनुभूति और आनंद उत्सव मनाया जाएगा। पांचवें दिन सुखी जीवन का रहस्य और परिवर्तन उत्सव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। छठे दिन ध्यान द्वारा समस्याओं का समाधान यानी ध्यान उत्सव आयोजित होगा।

सातवें दिन अलौकिक जन्म उत्सव मनाया जाएगा। आठवें दिन समय की पहचान और महाविजय उत्सव होगा। नौवें दिन परमात्मा के महावाक्य मुरली के माध्यम से गुड बाय टेंशन उत्सव आयोजित किया जाएगा।



### ध्यान से मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

हर दिन ध्यान की गहन अनुभूति कराई जाएगी, जो डायबिटीज़, उच्च रक्तचाप, अवसाद, हृदय रोग और तनाव जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करेगी। बीके शशि दीदी ने सभी बेमेतरा जिला वासियों को सपरिवार सादर आमंत्रित करते हुए बताया कि आजकल लोगों में लगातार उदासी, निराशा, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, थकान और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याएँ आम हो रही हैं। यह खुशियों का कार्यक्रम इन समस्याओं का सम्पूर्ण आध्यात्मिक समाधान प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में लोक संगीत, नृत्य, नाटक, खेलकूद और अन्य पारंपरिक कार्यक्रम भी होंगे। बच्चों, युवाओं और बड़ों के लिए यह कार्यक्रम उनके भावनाओं, विचारों और व्यवहार पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सहायक होगा।

### संस्था को मिल चुका है संयुक्त राष्ट्र संघ से सात बार 'शांतिदूत' पुरस्कार

संस्था परिचयः यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय, सामाजिक, आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक कार्यों में लगी हुई है। 140 देशों में 4500 से अधिक सेवाकेन्द्रों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों और धर्मों में सेवाएँ प्रदान करती है। संस्था को संयुक्त राष्ट्र संघ से सात बार 'शांतिदूत' पुरस्कार भी मिल चुका है। विशेषज्ञ परिचयः मध्यप्रदेश इंदौर की ब्रह्माकुमारी पूनम बहन (कम्पनी सचिव) इस कार्यक्रम की प्रमुख हैं। बाल्यकाल से ही ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी पूनम बहन एक गोल्ड मेडलिस्ट और चार्टर्ड एकाउंटेंट की सुपुत्री हैं। पिछले 26 वर्षों से वे निःशुल्क तनावमुक्ति शिविर संचालित कर रही हैं और हजारों लोगों को सकारात्मक जीवन शैली अपनाने में मदद कर चुकी हैं।बेमेतरा मंडी प्रांगण में यह नौ दिवसीय खुशियों और आनंद का उत्सव सभी के लिए पूर्णतः निःशुल्क है।

### मनियारी में मां लक्ष्मी की प्रतिमा का भव्य विसर्जन



**बेरला।** ब्लॉक बेरला क्षेत्र के ग्राम मनियारी में मां लक्ष्मी की प्रतिमा का भव्य विसर्जन पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विदाई दी। स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमा का शुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकालकर विधिवत रूप से विसर्जन किया गया। इससे पहले प्रतिमा को पूरे गांव में डीजे की धुन में नाचते झूमते हुए भव्य शोभायात्रा के रूप में घुमाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने माता की जयकारा लगाते हुए पूरे मार्ग में उत्साह के साथ भाग लिया व जगह-जगह पुष्पांजलि अर्पित की।इस दौरान माँ लक्ष्मी की जय हो, एक दो तीन चार माता की जय जयकार के जय घोष लगाए। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो का जयघोष गूंजता रहा। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर महिला श्रद्धालुओं द्वारा मां लक्ष्मी की आरती भी उतारी और श्रीफल भेंट की। प्रतिमा विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयी। भक्तों ने श्रद्धा व भक्ति भाव से माता को विदाई दी। विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा दुलकी माइंस के कमकासुर गाँव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 59 ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं तथा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गईं। इस अवसर पार 140 से अधिक रक्त परीक्षण किए गए, जिनमें 45 सिकल सेल परीक्षण, 95 एनीमिया टाइपिंग तथा एचबी प्रतिशत जाँच शामिल थीं। इस अवसर पर सीएसआर विभाग की मेडिकल टीम जिसमें मेडिकल कंसल्टेंट, नर्सिंग स्टाफ तथा ब्लड शुगर, एचबी और बीपी जांच हेतु तकनीकी सदस्य शामिल थे, जिन्होंने शिविर में अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी गई।

### सिंटर प्लांट-3 की टीम ने तिरुपति में जीता गोल्ड



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 की टीम लक्ष्य ने तिरुपति चैप्टर में आयोजित तकनीकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीता है। किया। टीम में अभिषेक साहनी के नेतृत्व में ओम नमः शर्मा फैसिलिटेटर और अमरेश धुंधरे, डिप्टी लीडर तथा प्रेम लाल, अमित भंडारी व संजय चौधरी सदस्य के रूप में शामिल थे। देशभर से आई टीमों के बीच कड़ी बाद भी, टीम ने अपने प्रोजेक्ट बंकर के कैपिटल रिपेयर में अपनाए गए अभिनव दृष्टिकोण पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी।
टीम ने मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा, गुणवत्ता और समयबद्ध निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नवोन्मेषी उपाय अपनाकर कार्य की दक्षता और स्थायित्व में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित किया।

### शिक्षक नगर में हुई चोरी, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत शिक्षक नगर निवासी डॉ. उमाशंकर पटैरिया के सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 11 से 17 अक्टूबर के मध्य की बताई गई है। डॉ. पटैरिया ने पुलिस को बताया कि 50 ग्राम का सोने का बिस्किट, पीतल की टंकी में रखे 2 नग अंगूठी वजन करीबन 15 ग्राम एवं लॉकेट चेन सहित वजन करीबन 17 ग्राम पीतल की टंकी चार किलोग्राम पीतल का कुपर 2 किलो 1, 2, 5 के सिक्के, एक कलश पीतल का 2 किलो, कासे का कलश चार किलो गायब है। अज्ञात व्यक्ति उसे चुरा ले गया। इस प्रकार करीब 6 लाख रुपए के सामान और कुछ शेयर के सर्टिफिकेट गायब थे। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

**पर्व : देवी-देवताओं के स्वरूपों के साथ-साथ विभिन्न कलाओं का किया प्रदर्शन**

# माता लक्ष्मी की जस झांकी शोभायात्रा निकाली प्रतिमा विसर्जन के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





### सुरक्षा व्यवस्था में कमी, फिर भी शांति बरकरार

गौरतलब है कि पुलिस चौकी देवकर के समीप स्थित ग्राम खिसोरा में लक्ष्मी विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की कमी रही। ग्रामीणों द्वारा पुलिस बल की व्यवस्था की मांग किए जाने के बावजूद देवकर पुलिस नदारद रही। इसके बावजूद, ग्रामीणों ने स्वयं शांति व्यवस्था बनाए रखी। गांव में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक बनकर पूरे क्षेत्र में आनंद का माहौल पैदा करता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम खिसोरा में दीपावली पर्व पर स्थापित मां लक्ष्मी प्रतिमा का शुक्रवार को भव्य जस झांकी शोभायात्रा निकालकर गांव के समीप तालाब में विसर्जन किया गया। दीपावली त्यौहार के उत्साह के साथ स्थापित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा की प्रतिदिन सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई थी।

शुक्रवार को विसर्जन के अवसर पर जस झांकी और डीजे की धुन में धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। जस झांकी में कलाकारों ने दुर्गा, काली, सरस्वती, भोले, गणेश, हनुमान, शेर जैसे देवी-देवताओं के स्वरूपों के साथ-साथ राक्षसों के विकराल रूप में भी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। इन मनमोहक झांकियों को देखने के लिए ग्रामीण सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुटे। डीजे की धुन पर ग्रामवासी और श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए उत्साहपूर्वक आनंदमय हुए।

### हजारों श्रद्धालुओं ने की विदाई

विसर्जन जुलूस के लिए सुबह से ही गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। ग्रामीणों ने एक भव्य जुलूस निकाला, जो गांव के मुख्य मार्गों और गलियों से होकर गुजरा। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। अंत में, गांव के तालाब समीप विसर्जन स्थल पहुंचकर भक्तों ने मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया।

## नगर की एकता ही सबसे बड़ी पूंजी : दीवान



**नवागढ़।** दीपों के पर्व दीपावली ने इस बार नवागढ़ नगर को अद्भुत रोशनी और आस्था से सराबोर कर दिया। नगर के हृदय स्थल बावापारा में आयोजित भव्य दीपोत्सव में नगर प्रधान विकास धर दीवान ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर मां लक्ष्मी जी की आरती की और नगरवासियों की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। आरती के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल छा गया। दीपों की पंक्तियों से सजा बावापारा ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। नगरवासी बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ शामिल हुए।
दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि नवागढ़ की असली पहचान इसकी एकता, संस्कृति और प्रेम की भावना है। दीपों की यह लौ हमें संदेश देती है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, एक छोटा सा दीप भी उजाला फैला सकता है। यही उजाला नवागढ़ की ताकत है। कार्यक्रम के पश्चात नगर की युवा शक्ति के तत्वावधान में बस स्टैंड एवं सुकूल पारा में विराजित मां लक्ष्मी के दर्शन कर उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया। हर स्थान पर युवाओं और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। दीवान ने कहा कि नगर की युवा शक्ति ने जिस समर्पण से दीपोत्सव को सफल बनाया है, वह नवागढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि दीपावली का यह प्रकाश वर्षभर प्रेम, सद्भाव और विकास के रूप में नगर में बना रहे।
**ये रहे उपस्थितः** बावापारा में दीपों की जगमगाहट, आरती की घंटियों की गूंज और मां लक्ष्मी के जयकारों से पूरा नवागढ़ नगर देर रात तक आलोकित रहा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, रोशन धर दीवान, रुमपल टुटेजा, अमित जैन, भूखन पूरी गोस्वामी, सुरेश निषाद, गुनी रजक, कन्हैया भोई, होरीलाल रजक, पंचु यादव, अमन कहार, कृष्णा ध्रुव, जित्ते रजक, राजेंद्र यादव सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## दीपावली पर बच्चों ने गाया वर्णमाला आधारित सुआ गीत



**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में दीपावली के शुभ अवसर पर एक अनोखा और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल द्वारा रचित "वर्णमाला पर आधारित सुआ गीत" को स्कूल के बच्चों ने सुआ नृत्य के साथ घर-घर जाकर गाया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत इस गीत ने गाँव के हर व्यक्ति का मन मोह लिया। गीत में अ से ह तक की वर्णमाला को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक सुआ नृत्य शैली में जोड़कर प्रस्तुत किया। जिससे शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम दिखाई दिया। इस गीत के माध्यम से छोटे-छोटे बच्चों ने खेल-खेल में वर्णमाला का ज्ञान प्राप्त किया। प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने बताया कि इस गीत की रचना का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए आनंददायक शिक्षण विधि विकसित करना है। उन्होंने कहा "हमारा लक्ष्य यह है कि बच्चे शिक्षा को बोझ नहीं, बल्कि आनंद और अभिव्यक्ति का माध्यम समझें। जब वे गीत और नृत्य के जरिए सीखते हैं, तो सीखने की प्रक्रिया स्थायी बन जाती है।" इस रचनात्मक पहल को देखकर गांव के अभिभावक, शिक्षक गण और ग्रामीणजन अत्यंत खुश हुए। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की खुलकर सराहना की और कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। ग्रामवासियों ने विशेष रूप से प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा को जनसहभागिता और संस्कृति से जोड़कर बच्चों में सीखने की ललक बढ़ाई है। ग्रामीणों का कहना था कि प्रधान पाठिका "अंबालिका पटेल ने पढ़ाई को उत्सव का रूप दे दिया है। बच्चों को इस तरह सीखते देखकर हमें गर्व होता है कि हमारे गाँव में ऐसा विद्यालय है जहाँ शिक्षा और संस्कृति दोनों का सम्मान होता है।" इस बार की दीपावली त्यौहार में प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल के गाये हुए गीत को ही ग्रामीणों खूब गाया। इस अवसर पर गाँव के वरिष्ठ नागरिकों, अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार को बधाई दी और कहा कि इस तरह के नवाचारों से ग्रामीण शिक्षा में नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है।

## गुलाबी ठंड की आहट के साथ मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

त्योहारी माहौल के बीच मैत्रीबाग जू में रौनक बढ़ गई है। गुलाबी ठंड की आहट के बीच लोग प्रकृति के नजारे और वन्य प्राणियों के रोमांच का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मानसून की विदायी बाद गुलाबी ठंड की आहट के बीच खूबसूरत परिंदों और जानवरों की चंचलता और उछलकूद पर्यटकों को रोमांचित कर रही है।

मौसम में परिवर्तन और त्योहारी माहौल ने मैत्रीबाग में सैलानियों की आमद बढ़ा दी है। दिवाली की छुट्टियों पर त्योहार मनाने हजारों लोग अपने घर पहुंचे हैं। कई लोग परिवार और फ्रेंड्स के साथ फेस्टिव मूड में प्रकृतिक का आनंद लेने मैत्रीबाग पहुंच रहे हैं। इनमें ग्रामीण पर्यटकों की भी खासी तादाद है। दस्तक देती ठंड ने परिंदों और जानवरों की चंचलता और चपलता को बढ़ा दिया है। उछलकूद करते वन्य प्राणी लोगों को खूब लुभा रहे हैं। बच्चे व युवा उत्साह से चौकड़ी भरते हिरणों की तस्वीरें अपने मौबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं। वाइट टाइगर के एनक्लोजर के पास भी लोग सेल्फी लेते रोमांचित हो रहे हैं। वहीं बर्ड्स काम्पलेक्स में भी परिंदों का कलरव उन्हें आनंदित कर रहा है। वहीं झील में बोटिंग का ीब लुत्फ उठा रहे हैं। कई पर्यटकों तो दो तीन साल बाद मैत्रीबाग घूमने आए हैं। इनमें भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के गांवों के लोग भी हैं।

## छठ त्योहार से पहले शहर के तालाबों की सफाई का निगम अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 3 अंतर्गत पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मार्केट, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय सहित बैकुण्ठधाम तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा किया गया। छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ तालाबों की सफाई भी युद्व स्तर पर कराया जा रहा है। जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर एवं सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया गया। दीपावली त्यौहार होने के कारण बाजारों में अत्यधिक भीड़ व खरीदी ब्रिकी हुआ है। जिससे बाजारों में कचरा भी फैला हुआ था, जिसे सफाई कर्मी लगाकर सभी कचरों को एकत्र कर हटवाया गया है। समीपस्थ डी.एम.एफ. मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। इस शौचालय के निर्माण से व्यापारी एवं आम नागरिको को सुविधा होगी। सुलभ निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण निर्देशित किया गया है। बैकुण्ठधाम तालाब में छठ पर्व मनाया जाता है, इस हेतु तालाब की साफ-सफाई कराया जा रहा है। तालाब से कचरे के साथ-साथ पूजा सामग्रियो का भी डाला गया था, जिसे निकालकर अलग किया जा रहा है।

## प्लांट गैरेज में स्पेशल कैम्पेन 5.0 स्वच्छता के लिए दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैरेज विभाग में स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों, नियमित कर्मियों एवं संविदा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यशाला के कार्यालय क्षेत्र, रखरखाव जोन और आसपास के परिसरों की सफाई की। महाप्रबंधक बीडी बाबू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस विशेष के लिये न होकर सतत व्यवहार का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आग्रह किया। सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी प्रभावी हो सकते हैं जब प्रत्येक व्यक्ति टीम भावना और स्वामित्व की भावना से कार्य करे।अभियान में वरिष्ठ प्रबंधक एडी आप्टे, आशीष गुप्ता, प्रबंधक राकेश चौधरी, उप प्रबंधक एच वी प्रसाद, डीएसओ एवं सहायक प्रबंधक डीसी महाजन, सहायक प्रबंधक एवीएन त्रिपाठी, संजय सिंह सहित प्लांट गैरेज विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में रिगिंग एसेंशियल्स पर प्रशिक्षण कार्मिकों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग (टीएसआईसी) के सहयोग से रिगिंग एसेंशियल्स विषय पर दो दिवसीय सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से विशेषकर सामग्री प्रबंधन से जुड़े कुल 32 गैर-कार्यपालक कर्मचारियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी तथा महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल थे। समन्वयक सहायक महाप्रबंदक अजय टल्लू भी उपस्थित थे। तकनीकी सत्रों का संचालन टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के संकाय आनंद मोहन सिंह द्वारा किया गया। श्री सत्पथी ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूकता को और गहरा करें ।

श्री सत्पथी ने कहा कि कार्यस्थल पर सीखी गई बातों को व्यवहार में लाएँ ताकि संयंत्र में सुरक्षित और दक्ष संचालन सुनिश्चित हो सके। श्री अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा ज्ञान और कौशल का सतत उन्नयन ही कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की रोकथाम और जीरो हार्म कल्चर" को सशक्त बनाने की कुंजी है। सत्र का संचालन कर रहे आनंद मोहन ने किया ।

## बीएसपी एंसिलरी इंड. एसो. ने डायरेक्टर इंचार्ज से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा से मिलकर एंसिलरी उद्योगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और दीपावली शुभकामनाएं दीं।

श्री महापात्रा ने आस्वस्त किया कि एंसिलरी उद्योगों को ज्यादा से ज्यादा काम मिलेगा। वह जानते हैं कि भिलाई की एंसिलरी बहुत ही डेवलप एंसिलरी है। एंसिलरी उद्योगों को और भी नए-नए कल पुर्जे बनाने का मौका देंगे। अपने अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा कर एंसिलरी उद्योगों के हित में जो भी संभव होगा वह किया जाएगा। श्री दासगुप्ता ने उन्होंने कहा कि डायरेक्टर इंचार्ज एंसिलरी उद्योगों को बढ़ाने को लेकर काफी गंभीर हैं। कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, कोर्डिनेटर अवी सहगल, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, डी राय चौधरी और हरीश मुदलियार शामिल थे।



**मुफ्त में होगी बीपी-शुगर और ऑक्सीजन लेवल की जांच, हर मरीज का रहेगा रिकार्ड**

# तीन हेल्थ सेंटर में पहली बार लगेंगे एआई आधारित ई-एटीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- अहिवारा विधायक डोमनलाल की अनोखी पहल

डिजिटल परिवर्तन के इस युग में स्वास्थ्य सेवा एटीएम से पैसे निकालने जितना आसान होने जा रहा है। दुर्ग जिले के अहिवारा, मेड़ेसरा और भिलाई-3 स्वास्थ्य केंद्र में एआई आधारित एटीएम मशीन लगने जा रही है। इसके लिए अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने पहल की है। उन्होंने अपनी निधि से 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर सहित अन्य प्रकार की पैथोलॉजी जांचें हो सकेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में इस सुविधा को पूरी तरह फ्री रखने की तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में संभवतः यह अपने तरह का पहला मामला है, जिसमें इस तरह की एआई आधारित मशीन ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किए जाने की तैयारी की गई है। बता दें कि शासन स्तर पर इसके लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है। निर्धारित एजेंसी इसे उक्त तीनों सेंटरों में इंस्टॉल करेगी। क्लीनिक्स ऑन क्लाउड के ई-हेल्थ कियोस्क मशीन को क्रांतिकारी स्वास्थ्य तकनीकी माना जा रहा है। इसे टेली-परामर्श और स्वास्थ्य रिकॉर्ड आपकी उंगलियों पर लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ई-हेल्थ कियोस्क एक छोटी, स्वचालित मशीन है, जो कई तरह की स्वास्थ्य जांच कर सकती है। मरीज़ों को डॉक्टरों से वर्चुअली जोड़ सकती है। इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड एक ही जगह पर स्टोर कर सकती है। यह 24 घंटे काम करती है। इसके लिए न्यूनतम निगरानी की आवश्यकता होती है।



### प्रशासन ने सीएमएचओ को बनाया कार्य एजेंसी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की अनुशंसा पर यह स्वीकृति दी गई है। इस कार्य की एजेंसी जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को बनाया गया है। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेड़ेसरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 में स्थापित किया जाएगा। प्रति एटीएम की लागत 15.50 लाख रुपए तय की गई है।

### आधुनिक मशीन पर तत्काल देती है रिपोर्ट, ज्यादा फायदेमंद

जानकारी के मुताबिक हेल्थ एटीएम मशीन एक स्वचालित स्वास्थ्य कियोस्क है, जो बैंक एटीएम की तरह काम करती है। लेकिन पैसे निकालने के बजाय बुनियादी स्वास्थ्य जांच, महत्वपूर्ण मापदंडों को मापने और दूरस्थ डॉक्टर परामर्श प्रदान करती है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर, वजन, ऑक्सीजन लेवल, शरीर का टैम्प्रेचर लिया जा सकता है। इससे तत्काल रिपोर्ट मिलती है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और लागत प्रभावी बनाना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ सुविधा बेहतर करने के लिए इस मशीन को तैयार किया गया है।

